भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2073
दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 को उत्तर देने के लिए

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण

2073. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत निर्मित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान उक्त एडब्ल्यूसी की स्थापना के लिए स्वीकृत और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार के पास वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्थान में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु जिला-वार कोई योजना/प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो कितने आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण किया गया है और निकट भविष्य में कितने केंद्रों का निर्माण होने की संभावना है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के अंतर्गत निर्मित आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का जिलेवार ब्यौरा **अनुलग्रक** में दिया गया है।

(ग): उपर्युक्त के अलावा, प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत राजस्थान राज्य को 51 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का अनुमोदन दिया गया है जिनमें से दिनांक 30.11.2025 तक 2 आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा,

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत भी राजस्थान राज्य को 135 आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए अनुमोदन दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

“महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण” विषय पर माननीय सांसद श्री बृजेन्द्र सिंह ओला द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2073 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

राजस्थान राज्य से प्राप्त सूचना के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों सहित निर्मित आंगनवाड़ी केंद्रों का जिला-वार ब्यौरा:

क्र.सं.	जिलों का नाम	निर्माण कार्य पूर्ण हो गया	आवंटित की गई निधि (लाख रुपये)	उपयोग की गई निधि (लाख रुपये)
1	अजमेर	0	44	0
2	अलवर	0	70	0
3	बांसवाड़ा	6	66	26
4	बारां	0	32	0
5	बाड़मेर	0	84	0
6	भरतपुर	6	48	0
7	भीलवाड़ा	9	56	0
8	बीकानेर	18	36	36
9	बूंदी	3	20	0
10	चित्तौड़गढ़	0	44	0
11	चुरू	6	28	22.5
12	दौसा	0	44	0
13	धौलपुर	0	24	12
14	डूंगरपुर	2	72	0
15	हनुमानगढ़	4	28	28
16	जयपुर	2	98	50
17	जैसलमेर	5	28	14
18	जालौर	0	40	0
19	झालावाड़	0	32	17.99
20	झुंझुनूं	5	44	20
21	जोधपुर	1	84	0
22	करौली	0	32	0
23	कोटा	0	20	0
24	नागौर	3	60	54
25	पाली	3	40	20

26	प्रतापगढ़	3	42	22
27	राजसमंद	0	32	0
28	सवाई माधोपुर	3	28	14
29	सीकर	8	48	0
30	सिरोही	0	20	0
31	एस. गंगानगर	2	36	18
32	टोंक	6	28	0
33	उदयपुर	5	90	26

*****